प्रेषक,

मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक,
द्वादश मण्डल, मुरादाबाद ।

सेवा में,

शिक्षा निदेशक (माध्यमिक)
शिविर कार्यालय, 18 पार्क रोड,
उ0प्र0, लखनऊ ।

पत्रांक: आशु0 लि0/अ0वि0/ 8197 /2001-02 दिनांक: 26/12/2001

विषय:- सी0बी0एस0ई0 नयी दिल्ली से सम्बद्धता हेतु जे0पी0 पब्लिक स्कूल, धामपुर रोड, चाँदपुर, बिजनौर का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु विषयक ।

=-=-=-=

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक जे0पी0 पब्लिक स्कूल, धामपुर रोड, चाँदपुर, बिजनौर के अनापत्ति प्रमाण पत्र का आवेदन पत्र दिनांक: 11-9-2001 को प्राप्त हुआ था । जिसका स्थलीय निरीक्षण दि0 12-10-2001 को किया गया और स्थलीय निरीक्षण के समय कतिपय अभिलेखों की माँग की गयी थी जो विद्यालय प्रबन्धक के द्वारा दि0 21-12-2001 को उपलब्ध कराये गये । स्थलीय निरीक्षण के आधार पर अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने हेतु विषयक की जाँच आख्या निम्नवत् है -

1. विद्यालय का नाम - यह विद्यालय जे0पी0 पब्लिक स्कूल, धामपुर रोड, चाँदपुर, बिजनौर में स्थित है और यह विद्यालय वर्ष 1998 से संचालित है ।

2. विद्यालय द्वारा शुल्क जमा करने की स्थिति : विद्यालय द्वारा रुपये 1000/-रुपया जमा किया गया है, शुल्क की चालान की मूल प्रति पृष्ठ सं0 01 पर पुष्टि हेतु संलग्न है ।

3. सोसाइटी/ट्रस्ट द्वारा विद्यालय संचालित है, उसका नाम -

विद्यालय की सोसाइटीज प्रमाण पत्र के अनुसार "श्रीमती चन्द्रावती देवी एजूकेशनल सोसाइटी, पता- मण्डी कोटला-चाँदपुर, बिजनौर" के नाम से संचालित है और यह सोसाइटीज दिनांक: 15-3-2005 तक विधिमान्य है । सोसाइटी-रजिस्ट्रीकरण के प्रमाण पत्र की छाया प्रति पुष्टि हेतु पृष्ठ सं0 8 पर संलग्न है ।

4. सोसाइटी/ट्रस्ट के प्रबन्धीकरण के पदाधिकारियों तथा सदस्यों की स्थिति : सोसाइटीज प्रमाण पत्र के स्मृति पत्र की छाया प्रति प्रस्तुत की है जो पृष्ठ सं0 12 पर संलग्न है । विद्यालय के द्वारा इस सम्बन्ध एक दूसरे सम्बन्धी न होने का शपथ पत्र की छाया प्रति प्रस्तुत की है, जो उप-जिलाधिकारी, चाँदपुर, बिजनौर के द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित है । प्रमाण पत्र की छाया प्रति पुष्टि हेतु पृष्ठ सं0 31 पर संलग्न है ।

कृ0प0उ0/-

5. सोसाइटीज की वित्तीय स्थिति : सोसाइटीज की वित्तीय स्थिति विगत तीन वर्षों का आय-व्यय विवरण वर्ष 1999-2000, 2000-01 तथा 31 मार्च, 2001 तक व्यय विवरण प्रस्तुत किया गया है जो पुष्टि हेतु पृष्ठ सं0 23 से 30 तक संलग्न है।

6. विद्यालय द्वारा विद्यालय की नियमावली प्रस्तुत की गयी है जो पृष्ठ सं0 13 से 18 पर पुष्टि हेतु संलग्न है।

7. क्या विद्यालय में केवल बालिकाओं/बालकों की व्यवस्था है -

विद्यालय में सह शिक्षा की व्यवस्था की गयी है। विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण के समय भी विद्यालय में बालक/बालिकाओं को शिक्षा प्रदान की जा रही है।

8. विद्यालय का सत्र व शिक्षा का माध्यम-

विद्यालय का सत्र अप्रैल से मार्च तक का है और विद्यालय का शिक्षा का माध्यम "अंग्रेजी" का है।

9. विद्यालय की छात्र संख्या:

विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण के समय की छात्र/छात्राओं की संख्या निम्नवत् है -

| क्र0सं0 | कक्षा | पंजीकृत छात्र/छात्रायें | उपस्थित§छात्र/छात्रायें§ |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 |
| 1- | नर्सरी | 56 | 54 |
| 2- | के0जी0 | 46 | 46 |
| 3- | प्रथम | 48 | 46 |
| 4- | द्वितीय | 47 | 45 |
| 5- | तृतीय | 49 | 49 |
| 6- | चतुर्थ | 49 | 47 |
| 7- | पंचम | 33 | 32 |
| 8- | छै | 26 | 26 |
| 9- | सातवीं | 26 | 25 |
| 10- | आठवीं | 29 | 29 |
| | योग- | 409 | 399 |

10- विद्यालय में भौतिक संसाधनों की उपलब्धता :

1- विद्यालय के भवन की स्थिति : विद्यालय का भवन, भवन स्वामी के द्वारा उन्नीस कार्यों के लिये प्रतिफल एक हजार दो सौ रुपये जिसके आधे छः सौ रुपये होते है, प्रतिवर्ष के हिसाब से किराये पर दी है जो प्रतिवर्ष ~~निरन्तिय~~ पक्ष ... 

कृ0प0उ0/-

है जो प्रतिवर्ष द्वितीय पक्ष प्रथम पक्ष को अदा किया करेगा । यह प्रमाण पत्र उप कोषाधिकारी, चाँदपुर के कार्यालय के द्वारा 20-11-2001 में जारी किया गया है । पुष्टि हेतु प्रमाण पत्र की छाया प्रति पृष्ठ सं0 38 पर संलग्न है । इसके अतिरिक्त भवन स्वामी के द्वारा एक लिज पत्र की छाया प्रति प्रस्तुत की गयी है जो 30 वर्ष के लिये है जो केवल 10 रुपये स्टाम्प पेपर पर है और यह लिज नोटरी के द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित है । पुष्टि हेतु उक्त लिज की छाया प्रति पृष्ठ सं0 39 से 41 तक पृष्ठ पर है ।

विद्यालय भवन में 10 हजार मीटर भूमि है और जिसमें लगभग 1500 मीटर में विद्यालय भवन बना हुआ है और इसके अतिरिक्त उक्त जमीन पर क्रीडा का मैदान बना हुआ है जो क्रीडा स्थल के प्रयोग में आता है ।

विद्यालय भवन का नक्शा कार्यालय नियत प्राधिकारी/उप जिलाधिकारी, विनियमित क्षेत्र चाँदपुर, बिजनौर के द्वारा स्वीकृत है । पुष्टि में उक्त प्रमाण पत्र की छाया प्रति पृष्ठ सं0 42 पर संलग्न है और भवन का नक्शा पृष्ठ सं0 43 व 44 पर संलग्न है ।

11- <u>मानवीय संसाधन</u> :

<u>शिक्षक, शिक्षणेत्तर एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की स्थिति :</u>

विद्यालय में प्रधानाचार्य सहित 13 अध्यापक/अध्यापिकायें कार्यरत है और इसके अतिरिक्त एक उर्दू अध्यापक भी कार्यरत है । तीन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कार्यरत है । विद्यालय के द्वारा कर्मचारियों का स्टाफ स्टेटमेंट प्रस्तुत किया गया है जो पृष्ठ सं0 47 पर संलग्न है जिसके दो अध्यापक अप्रशिक्षित है परन्तु विद्यालय प्रबन्धक के द्वारा यह आश्वासन दिया गया है कि अगले सत्र में इनको भी अप्रशिक्षित के स्थान पर प्रशिक्षित अध्यापक रख लिये जायेंगे ।

विद्यालय में समस्त कार्यरत स्टाफ का वेतन बैंक के माध्यम से दिया जा रहा है । बैंक एडवाइज की छाया प्रति पुष्टि हेतु पृष्ठ सं0 48 पर संलग्न है ।

विद्यालय में कार्यरत समस्त अध्यापक/अध्यापिकाओं के शैक्षिक योग्यता के प्रमाण पत्रों की छाया प्रति पुष्टि हेतु संलग्न की गयी है जो पृष्ठ सं0 47 से 140 तक है ।

12- <u>पी0एफ0 योजना की स्थिति</u> : पी0एफ0 योजना विद्यालय में लागू नही है परन्तु विद्यालय प्रबन्धक के द्वारा यह आश्वासन दिया गया है कि 20 से अधिक स्टाफ हो जाने पर उक्त योजना लागू कर दी जायेगी ।

13- <u>कर्मचारी सेवा नियमावली</u> : कर्मचारी सेवा नियमावली बनी हुई है जो पुष्टि हेतु पृष्ठ सं0 171 से 186 पर संलग्न है ।

14- <u>नियमावली</u> : विद्यालय प्रबन्धक के द्वारा सी0बी0एस0ई0 नयी दल्ली से सम्बद्धता प्रदान किये जाने में इस राज्य सरकार /शासन के समस्त

[illegible]

कृ0प0 उ0 4/-

प्रतिबन्धों को विद्यालय की सोसाइटीज की नियमावली में समाविष्ट किया गया है जो पुष्टि हेतु नियमावली के पृष्ठ सं0 17 व 18 पर संलग्न है ।

11- पुस्तकालय व वाचनालय की स्थिति :

पुस्तकालय में विद्यालय के पुस्तकालय में की सूची प्रस्तुत की गयी है जो पृष्ठ सं0 150 से 170 तक संलग्न है । पुस्तकालय में उक्त पुस्तके रखने हेतु पूर्ण व्यवस्था है ।

12- विज्ञान सामग्री की स्थिति :

विद्यालय के द्वारा विज्ञान सामग्री की सूची प्रस्तुत की गयी है जो पुष्टि हेतु पृष्ठ सं0 147 से 149 पर संलग्न है ।

13- चार्ट व मेप की स्थिति :

विद्यालय के द्वारा चार्ट व मैप की सूची भी प्रस्तुत की गयी है जो पृष्ठ सं0 146 पर संलग्न है ।

14- विद्यालय में उपलब्ध फर्नीचर और अन्य भौतिक सुविधाओं की स्थिति

विद्यालय के द्वारा विद्यालय में उपलब्ध फर्नीचर व अन्य भौतिक सुविधाओं की सूची प्रस्तुत की गयी है जो पुष्टि हेतु पृष्ठ सं0 46 पर है । अन्य भौतिक सुविधाओं की स्थिति में जनरेटर, कम्प्यूटर तथा पानी की पर्याप्त सुविधा है ।

15- क्रीडा सामग्री की स्थिति : क्रीडा सामग्री की सूची प्रस्तुत की गयी है जो पुष्टि हेतु पृष्ठ सं0 45 पर संलग्न है ।

यह विद्यालय नगर क्षेत्र चाँदपुर जनपद बिजनौर में आता है और जनपद बिजनौर से नगर क्षेत्र चाँदपुर 40 कि0मी0 की दूरी पर है । इस नगर क्षेत्र चाँदपुर में एक ही अंग्रेजी माध्यम से विद्यालय संचालित है । अतः इस नगर क्षेत्र की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए नगर क्षेत्र चाँदपुर में अंग्रेजी माध्यम से प्रस्तावित विद्यालय को अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु संस्तुति प्रदान की जाती है । इस सम्बन्ध में यह भी कहना है कि उक्त विद्यालय के विषय में जो भी बिन्दुवार आख्या अंकित की गयी है, वह मूल पत्राजातों से मिलान करने के उपरान्त ही की गयी है । जे0पी0 पब्लिक स्कूल, धामपुर रोड, चाँदपुर, बिजनौर की दो पत्रावली मूल रूप में संलग्न है जिसके पृष्ठ सं0 1 से 186 है ।

संलग्नक: यथोपरि ।
दो मूल पत्रावलियाँ

भवदीय,

(अशोक कुमार उपाध्याय)
मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक,
द्वादश मण्डल, मुरादाबाद

Scanned with OKEN Scanner